प्रेस नोट जनपद रामपुर पुलिस

रामपुर पुलिस की गौकशो के विरुध बडी कार्यवाही गौकशो से हुई पुलिस की मुठभेड, मुठभेड मे दोनो गौकशो के पैर मे लगी गोली ईलाज एक दौरान एक गौतस्कर की मौत व दूसरा मैडिकल कालेज रेफर

थाना पटवाई पुलिस की गौ तश्करो के साथ हुई पुलिस मुठभेड एक होण्डा CRV कार वाहन संख्या CH 04 8181, दो अदद तमंचे 315 बोर व दो खोखा कारतूस 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व इलेक्ट्रोनिक माप तोल काटा , गौकशी करने के उपकरण (3 छुरी , 2 चापड, 1 छोटी कुल्हाडी, 1 लकडी का गट्टा, 2 रस्सी के टुकडे और काली पन्नीया) बरामद

दिनांक 19.11.2023

Twiteer-@rampurpolice **FB-रामपुर पुलिस** **Telegram-@rampurpolice**

दिनांक 18/11/2023 की रात्रि को जनपद रामपुर पुलिस को जरीये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक संदिग्ध वाहन CH 04 8181 CRV होण्डा सफेद रंग की कार क्षेत्र मे गोकशी करने की फिराक मे है जिस सन्दर्भ मे थाना पटवाई पुलिस द्वारा पटवाई चौराहे पर संघन चैकिंग की जा रही थी। तभी संदिग्ध वाहन संख्या CH 04 8181 CRV होण्डा सफेद रंग की गाडी जो मुरादाबाद से वाया शाहबाद पटवाई की ओर आ रही थी पटवाई चौराहे के पास से पुलिस चैकिंग को देखते हुऐ अचानक तेजी से पुनः वापस शाहबाद की ओर लौट गयी जिसका पीछा मुझ थानाध्यक्ष द्वारा किया गया तो रेबडी कला चौकी थाना मिलक क्षेत्र मे अत्यधिक गति के कारण बदमाशो की कार असन्तुलित होकर लगभग 20-25 फिट गहरी खाई मे गिर गयी। थाना पटवाई की पुलिस टीम ने मौके पर पहुच कर घेरा बन्दी कर बदमाशो को ललकारा इस पर गाडी से निकल कर अचानक बदमाशो द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से दो फायर किये गये। जिससे पुलिस पार्टी बाल बाल बची रामपुर पुलिस टीम द्वारा अपनी व अपनी टीम की आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी जिसमे दो बदमाशो के पैर मे गोली लगी। जिनको घायल अवस्था मे घेर घोट कर नाम पता पूछा गया तो पहले ने अपना नाम 1.बब्लू पुत्र जमील कुरैशी निवासी ग्राम थावला थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद व 2. साजिद पुत्र जाहिद कुरैशी निवासी मौ0 करबला कस्बा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद बताया। दोनो घायल बदमाशो को जनसलामती व मानवता को दृष्टिगत रखते हुऐ तत्काल उपचार हेतु सरकारी वाहन से जिला अस्पताल रामपुर भेजा गया। जिसमे दौराने उपचार अभियुक्त साजिद पुत्र जाहिद कुरैशी निवासी मौ0 करबला कस्बा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद को चिकित्सको द्वारा मृत घोषित किया गया। घटना स्थल का निरीक्षण श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय रामपुर द्वारा किया गया तथा जिला अस्पताल मे भर्ती अभियुक्त से घटना के सम्बन्ध मे भी पूछताछ की गयी।

कार्यवाही

मु0अ0सं0 136/2023 धारा 307 भादावि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना पटवाई मे पंजीकृत किया गया।

अभियुक्त गण का आपराधिक इतिहास निम्नलिखित है।

1.बब्लू पुत्र जमील कुरैशी निवासी ग्राम थावला थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद

1.मु0अ0सं0 08/2018 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद

2.मु0अ0सं0 143/2015 धारा 380/457 भादावि थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद

3.मु0अ0सं0 271/2020 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद

4.मु0अ0सं0 422/2018 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद

5.मु0अ0सं0 34/2016 धारा 174ए थाना कुढ फतेह गढ जनपद सम्भल

6.मु0अ0सं0 258/2020 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट थाना गुन्नौर जनपद सम्भल

अन्य जनपदो से आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

2. साजिद पुत्र जाहिद कुरैशी निवासी मौ0 करबला कस्बा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद

1.मु0अ0सं0 120/2018 धारा 147/148/149/323/336/506 भादावि थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद

2. मु0अ0सं0 183/2016 धारा 380/457 भादावि थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद

अन्य जनपदो से आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

बरामदगी

1.एक होण्डा CRV कार वाहन संख्या CH 04 8181,

2.दो अदद तमंचे 315 बोर व दो खोखा कारतूस 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व

3. इलेक्ट्रोनिक माप तोल काटा ,

4.गौकशी करने की समस्त उपकरण (3 छुरी , 2 चापड, 1 छोटी कुल्हाडी, 1 लकडी का गट्टा, 2 रस्सी के टुकडे और काली पन्नीया)